>

Title: Issue regarding widening of National Highway No. 7 in Satna, Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय का ध्यान मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-7 की तरफ, जो मेरे लोकसभा क्षेत्र सतना से निकलता है, उसकी ओर दिलाना चाहता हूं। अभी मंत्रालय ने इस सड़क को फोर लेन बनाने का निर्णय लिया है, जिस पर भूमि अधिग्रहण का कार्य आरम्भ हो चुका है। मैहर शहर से आगे पूड़ी गांव में श्री राम दरबार का मंदिर है, जिसमें लाखों लोगों का आना-जाना होता है। मंदिर पूरी तरह से पट्टे की आराजी में बना है। सड़क का चौड़ीकरण होने से मंदिर का गर्भगृह प्रभावित हो रहा है, जिससे मंदिर में आने-जाने वाले लाखों श्रद्धालु अत्यंत परेशान हैं। मैंने इस संबंध में एक वैकल्पिक सुझाव दिया था तथा लिखित रूप से पत्र देकर मंत्री जी को भी अवगत कराया था, किंतु अभी तक कोई कारगर कार्यवाही नहीं हुई है। चूंकि सड़क का निर्माण पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत होना है, अतः उक्त स्थान की पूर्व दिशा की ओर से भूमि का अधिग्रहण किया जा सकता है और इसमें कोई अतिरिक्त व्यय भी नहीं आएगा। अतः मेरी आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग है कि इसके एलाइनमेंट में थोड़ी-सी परिवर्तन करके लोगों की भावनाओं का खयाल रखा जाए।